एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
NHPC Limited
(A Government of India Navratna Enterprise)
CIN: L40101HR1975GOI032564

राजभाषा विभाग Rajbhasha Dept.
एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर-33,
फरीदाबाद) हरियाणा (– 121003
फोन : 0129 - 2258618
ईमेल : rajbhasha-co@nhpc.nic.in
वेबसाइट : https://www.nhpcindia.com

सं. एनएच/हिंदी/2026-27/VII/3/ 37

दिनांक: 20.05.2026

परिपत्र

विषय: कार्मिकों के बच्चों के लिए हिंदी प्रोत्साहन योजना में भाग लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन भेजने के संबंध में।

निगम में कार्मिकों के बच्चों के लिए हिंदी प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत कार्मिक के जिस बच्चे ने किसी भी मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित **10वीं** या **12वीं** की परीक्षा में **हिंदी विषय में कम से कम 70% से अधिक या बी1 ग्रेड के साथ उत्तीर्ण की हो,** वे इस योजना में निम्नानुसार पुरस्कार पाने के पात्र होगें:-

पात्रता	पुरस्कार राशि	
	दसवीं कक्षा	बारहवीं कक्षा
71% से 80% तक अंक प्राप्त करने पर या **बी1 ग्रेड प्वाइंट 8** प्राप्त करने पर	₹ 1000/-	₹ 1200/-
81% से 90% तक अंक प्राप्त करने पर या **ए2 ग्रेड प्वाइंट 9** प्राप्त करने पर	₹ 1200/-	₹ 1500/-
91% से अधिक अंक प्राप्त करने पर या **ए1 ग्रेड प्वाइंट 10** प्राप्त करने पर	₹ 1500/-	₹ 2000/-

प्रोत्साहन योजना के नियमों के अनुसार संबंधित कार्मिक द्वारा अपने बच्चे की की परीक्षा का परिणाम घोषित होने के तीन माह के अंदर ऑनलाइन आवेदन राजभाषा विभाग को प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। निगम मुख्यालय में पदस्थ कार्मिक अपने पात्र बच्चे/बच्चों के प्रोत्साहन हेतु **शैक्षिक वर्ष 2025-26** के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टि एनएचपीसी इंट्रानेट के लिंक **SAHAJ SEWA → UTILITIES →PROTSAHAN YOJNA →INCENTIVE FOR CHILDREN →APPLICATION** पर जाकर कर सकते हैं। इस प्रोत्साहन योजना से संबंधित विस्तृत विवरण व उपयोगकर्ता मैनुअल इंट्रानेट के राजभाषा कार्नर पर उपलब्ध है। निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों/परियोजनाओं/पावर स्टेशनों/यूनिटों में यह योजना संबंधित कार्यालय द्वारा संचालित की जाएगी।

अत: उपरोक्त प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत निगम मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि कृपया इस योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन हेतु पात्र अपने बच्चे/बच्चों के ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टि परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से **03 माह** के भीतर ऊपर दिए गए लिंक पर करने का कष्ट करें।

(संजीव कुमार)
महाप्रबंधक (जनसंपर्क) - राजभाषा

वितरण : सभी विभागाध्यक्ष, निगम मुख्यालय